Let the mind manage the body
Que l'esprit gère le corps

**Index Number:** ..............................................................................................

# MAURITIUS EXAMINATIONS SYNDICATE

## Primary School Achievement Certificate Assessment

**October 2019**

**Time: 1 hour 45 minutes**

# HINDI

**(Subject code No. P150)**

**INSTRUCTIONS TO CANDIDATES**

1. Check that this assessment booklet contains **9** questions printed on **17** pages.
2. Write your Index Number on the assessment booklet in the space provided above.
3. You should not use red, green or black ink in answering questions.
4. Write all your answers clearly in the assessment booklet.
5. Attempt **all** questions.


| Question | Marking | | | Revision | | | Control | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Marks | | Sig | Marks | | Sig | Marks | | Sig |
| 1A | | | | | | | | | |
| 1B | | | | | | | | | |
| 2A | | | | | | | | | |
| 2B | | | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | | |
| 4A | | | | | | | | | |
| 4B | | | | | | | | | |
| 5A | | | | | | | | | |
| 5B | | | | | | | | | |
| 6 | | | | | | | | | |
| 7A | | | | | | | | | |
| 7B | | | | | | | | | |
| 8 | | | | | | | | | |
| 9 | | | | | | | | | |
| **Total** | | | | | | | | | |
| **Sig (HoG)** | | | | | | | | | |

© Mauritius Examinations Syndicate

## Question 1 A (5 marks)

**चित्र को पहचानकर उचित शब्द लिखिए : -**

**एक उदाहरण दिया गया है ।**





कुर्सी












Marks


## Question 1 B (5 marks)

**चित्र को पहचानकर उचित वाक्य से मिलाइए :-**

**एक उदाहरण दिया गया है ।**




लड़के साइकिल चला रहे हैं।

1 


सोनिया दुकान में मिठाई खरीद रही है।

2 



बिल्ली सो रही है।

3 

रोहन और सिया बस में यात्रा कर रहे हैं।

4 

अध्यापिका पाठ समझा रही है।

5 

शीना डॉक्टर के पास गई है।

## Question 2 A (10 marks)

**सही उत्तरवाले अक्षर को घेरिए :-**

**उदाहरण**: नाना जी ने कहा ______________ उनके पेट में दर्द है।

(क.) कि    ख. जबकि

ग. जिसे    घ. की

१. बच्चा कलम ______________ लिख रहा है।

क. में    ख. पर

ग. से    घ. को

२. मेरी बहन तैयार हो रही है। ______________ अपनी सहेली से मिलने जा रही है।

क. हम    ख. तुम

ग. वह    घ. वे

३. हम बाहर नहीं खेल सकते ______________ बारिश हो रही है ।

क. या    ख. क्योंकि

ग. परन्तु    घ. लेकिन

४. पिछले सप्ताह, रोशनी ने एक सुन्दर फ़िल्म ______________ ।

क. देख रही है    ख. देखेगी

ग. देखती है    घ. देखी

५. जब मैं अपने दोस्त से मिलूँगा तो उसके साथ ______________ ।

क. खेलता था    ख. खेलूँगा

ग. खेलता हूँ    घ. खेला



Please turn over this page

६. मेरे चाचा के बच्चे ____________ हैं।

क. लम्बा		ख. लम्बी

ग. लम्बाई		घ. लम्बे

७. दादी ने दूर से आवाज़ दी, 'बेटा ____________ तक लौटोगे ?'

क. कौन		ख. कब

ग. किस		घ. क्या

८. पुस्तक के सभी ____________ में चित्र हैं।

क. पन्ना		ख. पन्ने

ग. पन्नों		घ. पन्नियों

९. हमारे जलाशय ____________ बारिश के कारण भर गए।

क. भारी		ख. थोड़ी

ग. हलकी		घ. कम

१०. अगले साल, दादा जी फ्रांस ____________ ।

क. जाएगा		ख. जाते हैं

ग. गए थे		घ. जाएँगे

## Question 2 B (5 marks)

**सही उत्तरवाले अक्षर को घेरिए : -**

१. बेला ______________ पर समाचार सुन रही थी।

क. मोमबत्ती　　　　ख. रेडियो

ग. फ़्रिज　　　　घ. पंखा

२. समर सब्ज़ियाँ खरीदने के लिए ______________ गया ।

क. अस्पताल　　　　ख. बाज़ार

ग. स्कूल　　　　घ. पुस्तकालय

३. मेरे झगले पर दाल गिर गई । मेरा झगला ______________ हो गया।

क. मैला　　　　ख. सुन्दर

ग. साफ़　　　　घ. नया

४. " मुझे बहुत ______________ लगी है। क्या तुम मुझे भोजन दे सकते हो ?"

क. प्यास　　　　ख. गरमी

ग. भूख　　　　घ. थकावट

५. " तेज़ मत ______________ । गिर जाओगे। "

क. खाओ　　　　ख. देखो

ग. लिखो　　　　घ. दौड़ो

## Question 3 (10 marks)

**पाठ को ध्यान से पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए : -**

राघव प्राथमिक पाठशाला

आइए , पिकनिक पर चलते हैं !

क्या आप छठी कक्षा में हैं ? तो आइए , हम एक साथ पिकनिक पर चलते हैं !

पिकनिक का आयोजन इस प्रकार है:

तिथि : गुरुवार १८ जुलाई २०१९

समय : सुबह नौ बजे - बस स्कूल से निकलेगी

शाम चार बजे - बस स्कूल लौटेगी

बस का किराया : ५० रुपए




आप लोग इन जगहों की सैर करेंगे :

- पाम्प्लेमूस का बाग
- पोर्ट- लुई का बाज़ार

अपने साथ ये सामान लाना न भूलें :

- खाने की टोकरी
- धूप से बचने के लिए एक टोपी
- तैरने के लिए कपड़े

बारह बजे, हम ग्राँ-बे के समुद्र-तट भी जाएँगे। आप वहाँ भोजन कर सकते हैं और समुद्र के किनारे खेल सकते हैं।

आपको अपने माता-पिता से अनुमति लेनी पड़ेगी।

क्या, आप हमारे साथ जाना चाहते हैं ? शुक्रवार, १२ जुलाई २०१९ तक, मुख्य अध्यापक, श्रीमान संजय से मिलिए और उनको अपना नाम दीजिए।

१. यह पोस्टर किस पाठशाला का है ?

..................................................................................................................[1]

२. किस कक्षा के छात्र पिकनिक पर जा सकते हैं ?

..................................................................................................................[1]

३. किस तिथि को बच्चे पिकनिक पर जाएँगे ?

.................................................................................................................[1]

४. कितने बजे बस स्कूल से निकलेगी ?

..................................................................................................................[1]

५. पिकनिक के लिए बस का किराया कितना है ?

..................................................................................................................[1]

६. एक जगह का नाम बताइए , जहाँ छात्र जाएँगे ?

..................................................................................................................[1]

७. छात्रों को अपने साथ क्या लाना चाहिए ? दो सामानों का नाम बताइए।

(i) ......................................................................................................[1]

(ii) ......................................................................................................[1]

८. बच्चे कहाँ भोजन करेंगे ?

..................................................................................................................[1]

९. जिन बच्चों को पिकनिक पर जाना है , उन्हें किसको अपना नाम देना चाहिए ?

..................................................................................................................[1]

## Question 4

**इस पाठ को ध्यान से पढ़िए :-**

पिछले शुक्रवार को आरव चार बजे स्कूल से वापस आया। घर आते ही, उसने टी.वी. चलाई। उसकी मनपसंद फ़िल्म आने वाली थी।

थोड़ी देर बाद, उसकी माँ उससे बात करने आई। आरव को अपनी माँ की आवाज़ थोड़ी अजीब लगी।

" मेरा स्वास्थ्य ठीक नहीं है, मुझे बुखार है और मेरा गला खराब है।" माँ ने कहा।

" चिंता मत कीजिए माँ, आप जाकर आराम कीजिए।" उसने माँ से कहा।

कुछ समय बाद, आरव के पिता दफ़्तर से घर आए। जब उनको पता चला कि आरव की माँ का स्वास्थ्य ठीक नहीं है तो वे परेशान हो गए। परन्तु माँ ने पिता जी को बताया कि चिंता की बात नहीं है और उसे डॉक्टर को दिखाने की ज़रूरत नहीं। उसे बस थोड़ा आराम करना चाहिए। यह सुनकर उनकी चिंता दूर हुई।

" हम दोनों घर का काम क्यों नहीं कर देते हैं ? " पिताजी ने कहा।

" ठीक है !" आरव ने जवाब दिया। वह निराश हुआ कि वह अपनी मनपसंद फ़िल्म नहीं देख पाएगा लेकिन माँ की मदद करना ज़रूरी था।

" मैं बरतन साफ़ कर दूँगा और कमरों में झाड़ू भी लगा दूँगा। क्या, आप आँगन की सफ़ाई करके भोजन बना सकते हैं ? " आरव ने पिताजी से पूछा।

बिना समय गँवाए , आरव ने सभी कमरों में झाड़ू लगाया और उसके बाद बरतन भी साफ़ कर दिए। इस बीच, पिताजी ने जल्दी से आँगन की सफ़ाई कर दी। उसके बाद, उन्होंने रात के लिए स्वादिष्ट भोजन बनाया - मछली की तरकारी और भात। उन्हें पता था कि उनकी पत्नी को यह पकवान बहुत पसंद है।

छः बजे तक घर और आँगन सब साफ़ हो चुके थे और मेज़ पर गरम भोजन लग गया था। जब माँ आराम करके नींद से जागी तो वह बहुत खुश हुई और उसे गर्व हुआ।

"मेरा परिवार मेरी कितनी परवाह करता है। " उसने खुश होकर मन-ही-मन सोचा।

**Question 4 A (5 marks)**

**सही उत्तरवाले अक्षर को घेरिए :-**

१. आरव जैसे घर आया, वह ...................... ।

क. अपनी माँ को ढूँढने लगा
ख. टी. वी. देखने लगा
ग. सोने चला गया
घ. आँगन साफ़ करने लगा

२. आरव को पता था कि माँ का स्वास्थ्य ठीक नहीं क्योंकि ...................... ।

क. घर की सफ़ाई नहीं हुई थी
ख. रात का भोजन तैयार नहीं था
ग. उन्हें मछली की तरकारी खानी थी
घ. उनकी आवाज़ अजीब थी

३. जब आरव के पिता को पता चला कि उनकी पत्नी बीमार है तब वे ...................... ।

क. परेशान हुए
ख. खुश हुए
ग. नाराज़ हुए
घ. थक गए

४. किस शब्द से पता चलता है कि भोजन अच्छा था ?

क. स्वादिष्ट
ख. पसंद
ग. गरम
घ. साफ़

५. माँ की मदद करने के लिए , आरव ने ....................... ।

क. डॉक्टर को बुलाया
ख. बरतन माँजे
ग. भोजन बनाया
घ. टी. वी. चलाई

## Question 4 B (10 marks)

**ध्यान से पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

१. आरव की माँ क्यों ठीक नहीं थी ?

.................................................................................................................................

.......................................................................................................................... [1]

२. कैसे पता चलता है कि चिंता की बात नहीं थी ?

.................................................................................................................................

.......................................................................................................................... [1]

३. टी.वी. देखने के बजाय आरव ने अपनी माँ की मदद की।

आरव कैसा लड़का है ?

नीचे दिए गए शब्दों में से किन्हीं दो शब्दों को घेरिए।

| | |
|---|---|
| आज्ञाकारी | बलवान |
| मददगार | ईमानदार |

[2]

४. आरव के पिता ने मदद करने के लिए कौन-से दो काम किए ?

.................................................................................................................................

.......................................................................................................................... [1]

५. पाठ के आधार पर इन वाक्यों को क्रम में डालिए। पहले वाक्य को क्रम में रख दिया गया है।

- आरव के पिता दफ़्तर से वापस आए ☐
- आरव स्कूल से वापस आया [1]
- आरव की माँ ने बताया कि उसका स्वास्थ्य ठीक नहीं ☐
- आरव की माँ आराम करके नींद से जागी ☐ [3]

६. (क) कहानी के अंत में, माँ ने अपने परिवार के बारे में क्या सोचा ?

.......................................................................................................................

....................................................................................................................... [1]

(ख) उसे ऐसा क्यों लगा ?

.......................................................................................................................

....................................................................................................................... [1]

## Question 5 A (4 marks)

**शब्दों को उचित क्रम में रखकर वाक्य लिखिए :-**

(क) हैं - मेहनती - होते - छात्र - सफल।

..................................................................................................................

..................................................................................................................

(ख) फल - खाना - चाहिए - हमें - प्रतिदिन।

..................................................................................................................

..................................................................................................................

## Question 5 B (6 marks)

**वाक्यों को पूरा कीजिए :-**

(क) चाचा जी नाराज़ हैं क्योंकि ..............................................................................

..................................................................................................................

..................................................................................................................

(ख) सोहम देर से आया इसलिए ............................................................................

..................................................................................................................

..................................................................................................................

(ग) जब धूप निकलती है तब ..................................................................................

..................................................................................................................

..................................................................................................................

## Question 6 (10 marks)

**नीचे दिए गए शब्दों में से उचित शब्द चुनकर खाली जगहों में लिखिए :-**


| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **लगा** | **उसे** | **मिनट** | **पेड़** | **नींद** |
| **बहुत** | **कमरे** | **सो** | **कहानियाँ** | **सुनाई** |

रात के दस बज रहे थे। मैं अपने ........................... में गृहकार्य कर रहा था। सभी लोग ........................... गए थे।

अचानक, कुछ शोर ........................... दिया। इससे मेरे माता-पिता और भाई की ........................... टूट गई। शोर बगीचे से आ रहा था। हमें ........................... बगीचे में कोई चोर होगा। बिना समय गँवाए हम सभी ........................... ढूँढने लगे।

मैं ........................... डर गया। मैंने चोरों के बारे में अनेक ........................... सुनी थीं। हम पाँच ........................... तक बगीचे में ढूँढते रहे लेकिन वहाँ कोई चोर नहीं था। अंत में, हमने अपने लीची के ........................... से कुछ चमगादड़ों को उड़ते हुए देखा। तब हमें पता चला कि असली चोर कौन था !

चमगादड़ →



## Question 7 A (5 marks)

**रेखांकित शब्दों के शुद्ध रूप को खाली जगहों में लिखिए :-**

(क) समय पर बोजन (.......................................) करना चाहिए।

(ख) शाम को हम सब टहलने जाता (.......................................) हैं।

(ग) रोहन ने कहा , " कल मेरा (.......................................) दादाजी का जन्मदिन है।

(घ) थाली में तरह-तरह की मिठाईयाँ (.......................................) हैं।

(ङ) रोज़ पिताजी सात बजे घर में (.......................................) निकलते हैं।

## Question 7 B (5 marks)

**कोष्ठक में दिए गए शब्दों के सही रूप लिखिए :-**

(क) नकल करना ....................................... करने के बराबर है। ( चोर )

(ख) बारह मार्च को ............................... दिवस मनाया जाता है। ( राष्ट्र )


(ग) रोहन बचपन से बहुत ............................... है। ( साहस )

(घ) कोमल ....................................... में तेज़ है। ( पढ़ना )

(ङ) मेरी छोटी बहन ....................................... कक्षा में पढ़ती है। ( तीन )

## Question 8 (10 marks)


**कहानी को पूरा करने के लिए हर चित्र के लिए दिए गए शब्दों से एक वाक्य बनाइए :-**



कल – घूमना

……………………………………………………………..........


……………………………………………………………..........



अचानक – ख़राब

……………………………………………………………..........


……………………………………………………………..........



तब – फ़ोन

……………………………………………………………..........


……………………………………………………………..........



कुछ देर बाद – मैकेनिक

……………………………………………………………..........

……………………………………………………………..........



अंत में – खुश

……………………………………………………………..........

……………………………………………………………..........

## Question 9 (10 marks)

**निम्नलिखित वाक्यांशों के आधार पर लगभग 100 शब्दों का एक निबंध लिखिए :-**

- रास्ते पर चलना
- बटुआ देखना
- बटुए से फ़ोन नंबर और नाम मिलना
- इसके बाद आप क्या करते हैं ?
- अन्त में क्या होता है ?

**यहाँ लिखिए :-**

.......................................................................................................................................

.......................................................................................................................................

.......................................................................................................................................

.......................................................................................................................................

.......................................................................................................................................

.......................................................................................................................................

.......................................................................................................................................

.......................................................................................................................................

.......................................................................................................................................

.......................................................................................................................................

.......................................................................................................................................

Marks

**BLANK PAGE**